www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
5 जुलाई 2022, नोएडा, नगर संस्करण

वर्ष 87, अंक 158, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 3.50, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

अमित शाह बोले, सहकारिता से बदल सकता है गरीबों का जीवन
P-08

तैयारी | डीएमआरसी ने जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक की ट्रैफिक रिपोर्ट यीडा को सौंपी, मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी

जेवर से दिल्ली के बीच बनेंगे 11 मेट्रो स्टेशन

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने जेवर एयरपोर्ट से ग्रेनो और ग्रेनो से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक ट्रैफिक रिपोर्ट यीडा को सौंप दी है। जेवर एयरपोर्ट से नई दिल्ली तक अब 11 मेट्रो स्टेशन बनेंगे। जल्द ही डीएमआरसी यीडा को डीपीआर सौंप देगा।

जेवर एयरपोर्ट को मेट्रो के जरिये नई दिल्ली एयरपोर्ट से जोड़ा जाना है। डीएमआरसी ने 27 जून को यीडा को ट्रैफिक रिपोर्ट भेज दी है। इसमें बताया गया है कि अगर यह मेट्रो चलती है तो कितने यात्री इसमें सफर करेंगे। पहले इस कॉरिडोर में 13 स्टेशन बनाए जाने थे, लेकिन अब 11 स्टेशन बनेंगे। स्टेशनों की संख्या कम होने से कम समय में यह दूरी तय हो सकेगी। यह ग्रीन कॉरिडोर 72 किमी लंबा होगा। इसमें एयरपोर्ट मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। यह सफर एक घंटे से कम समय में तय किया जा सकेगा।

सुबह के समय रहेगी अधिक भीड़: ट्रैफिक रिपोर्ट बताती है कि इस कॉरिडोर में सबसे अधिक यात्री सुबह नौ से 11 बजे तक और शाम पांच से सात बजे तक सफर करेंगे। यह समय कामकाजी लोगों के आने-जाने का होता है। इस दौरान मेट्रो में भीड़ भी अधिक होगी।

परियोजना दो चरणों में पूरी होगी

पहला चरण

जेवर से ग्रेनो नॉलेज पार्क-2 तक 35.64 किलोमीटर का कॉरिडोर होगा। इसमें छह मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन नॉलेज पार्क 2, यमुना प्राधिकरण का सेक्टर-18, सेक्टर-20, सेक्टर 21, सेक्टर-29 और एयरपोर्ट में बनेंगे। यह एलिवेटेड मेट्रो यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे से जाएगी।

दूसरा चरण

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-2 से नई दिल्ली तक का यह कॉरिडोर बनेगा। इसमें पांच स्टेशन बनेंगे। ये स्टेशन नोएडा सेक्टर-142, एमिटी विश्वविद्यालय, न्यू अशोक नगर, दिल्ली गेट और नई दिल्ली स्टेशन होगा। इसका निर्माण दूसरे चरण में किया जाएगा।

एयरपोर्ट जाने वाले यात्री अधिक मिलेंगे

ट्रैफिक रिपोर्ट बताती है कि ग्रेनो से जेवर एयरपोर्ट के लिए जाने के लिए अधिक यात्री मिलेंगे जबकि वापसी में संख्या कम हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा से नई दिल्ली के कॉरिडोर पर भी यही हालत रहेगी। हालांकि एयरपोर्ट से फ्लाइट आने-जाने की संख्या के आधार पर मेट्रो की राइडरशिप परिवर्तित होती रहेगी।

ग्रेनो से जेवर एयरपोर्ट

वर्ष	यात्रियों की संख्या
2025	21,969
2031	68,044
2041	1,35,654
2051	2,28,097

जेवर एयरपोर्ट से ग्रेनो

वर्ष	यात्रियों की संख्या
2025	18,000
2031	33,618
2041	67,000
2051	1,14,315

(ट्रैफिक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार)

“ डीएमआरसी ने ट्रैफिक स्टडी रिपोर्ट सौंपी है। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। -डॉ. **अरुणवीर सिंह,** सीईओ यमुना प्राधिकरण